Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 14-12-2006

Participants : Sangwan Shri Kishan Singh

>

Title: Problems being faced by daily commuters traveling between NCR to Delhi.

श्री किशन सिंह सांगवान (सोनीपत) : सभापति जी, मैं अपने प्रदेश की ओर से एक बहुत ही महत्वपूर्ण मामले को सदन में उठाना चाहता हूं। मैं इस मामले को वर्ों से उठाता रहा हूं कि दिल्ली देश की राजधानी है और दिल्ली से लगभग 100 किलोमीटर दूर तक नैशनल कैपीटल टैरीटरी यानी एन.सी.आर.टी. बनाया गया है। दिल्ली आने वाली हर रेलगाड़ी हरियाणा की धरती से गुजरती है। चूंकि बाहर से आने वाली रेलगाड़ियां मेल और एक्सप्रैस होती हैं इसलिए उनका कोई स्टॉपेज इस रीजन में नहीं है और जहां हैं वे नाममात्र के हैं। नई रेलगाड़ियां चलाई नहीं जा रही हैं और अन्य गाड़ियों को स्टॉपेज नहीं दिए जा रहे हैं। इससे वहां बहुत कठिनाई हो रही है। दिल्ली नैशनल कैपीटल रीजन होने के कारण, यह स्वाभाविक है कि आसपास के लोगों का दिल्ली आना-जाना बढ़ेगा और काफी संख्या में प्रति दिन यात्री रेल से दिल्ली आते हैं।

महोदय, दिल्ली-रोहतक सैक्शन, दिल्ली के चारों तरफ एक अकेला ऐसा सैक्शन बचा है, जो अभी तक इलैक्ट्रीफाइड नहीं हो पाया है। हमारे द्वारा बार-बार मांग उठाने के बाद भी अभी तक उसे इलैक्ट्रीफाइड नहीं किया गया है। दिल्ली के चारों तरफ मैट्रो रेल प्रोजैक्ट के प्रॉवीजन चल रहे हैं। इसलिए हमने मांग रखी थी कि दिल्ली से सोनीपत की रेल लाइन और दिल्ली से रोहतक रेल लाइन पर मैट्रो रेल के प्रोजैक्ट को धीरे-धीरे डैवलप किया जाए, जिससे समस्या का कुछ तो समाधान हो, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

महोदय, दिल्ली को एन.सी.आर.टी. इसीलिए बनाया गया था ताकि दिल्ली के आसपास के क्षेत्रों की परिवहन व्यवस्था को भी इस प्रकार से विकसित किया जा सके ताकि प्रति दिन दिल्ली आने वाले रेल यात्री शाम को वापस जा सकें, लेकिन दिल्ली के आसपास से दिल्ली के लिए कोई नई ई.एम.यू. ट्रेन नहीं चलाई जा रही है, न कोई सब-अर्बन ट्रेन की फेसिलिटी दी जा रही है और न दिल्ली-रोहतक खंड को इलैक्ट्रीफाइड किया जा रहा है। अतः मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि दिल्ली-रोहतक खंड को इलैक्ट्रीफाइड किया जाए, ई.एम.यू. चलाई जाए और दिल्ली-रोहतक तथा दिल्ली-सोनीपत लाइनों पर मैट्रो रेल के प्रोजैक्टों को धीरे-धीरे डैवलप किया जाए।